दैनिक जागरण 15/02/2023

# शिविर में 100 लोगों ने किया रक्तदान




रक्तदान शिविर के बाद जीएमएन कालेज के विद्यार्थी व स्टाफ। ● विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में आयोजित रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों सहित सौ लोगों ने रक्तदान किया। इसका आयोजन ड्राप्स आफ चेंज, आश्रम संस्था, कालेज की यूथ रेडक्रस, एनएसएस यूनिट, एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। यह शिविर पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों को समर्पित रहा। विद्यार्थियों सहित स्टाफ सदस्यों ने भी इस दौरान रक्तदान किया। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त, प्रबंधक समिति के महासचिव अजय अग्रवाल, सीजेएम डा. सुखदा प्रीतम मौजूद रहीं। (जासं)